**विरोध** | महिला कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन, लाड़ली बहना की राशि 3 हजार करने की मांग

# महिला कांग्रेस ने सरकार को घेरा, सौंपा ज्ञापन



**नवभारत, कटनी।** प्रदेश में महिलाओं को हर महीने माह 3 हजार रुपए राशि लाड़ली बहना योजना के नाम पर सत्ता में काबिज हुई भारतीय जानता पार्टी की महिलाओं के साथ हुई वादखिलाफ़ी के विरोध में और लाड़ली बहना के नए रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल प्रारंभ करने की मांग को लेकर महिला कांग्रेस सोमवार को कचहरी चौराहे में प्रदर्शन किया। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया के निर्देश पर महिला कांग्रेस नेत्री सौम्या रांधेलिया के नेतृत्व में काफी संख्या में पहुंची महिला कांग्रेस कार्यकर्ता और कांग्रेस पदाधिकारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद महिलाओं ने तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस प्रवक्ता सोम्या रांधेलिया ने बताया कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा प्रत्येक महिला के खाते में 3000 की राशि देने का वादा किया था आज लगभग तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी यह राशि मात्र 1500 हुई है, महंगाई लगातार आसमान छू रही है ऐसे में महिलाएं सरकार द्वारा किए गए वादे पर आज भी आस लगाए बैठी है वे स्वंय को छला हुआ महसूस कर रही है, हाल में आई रिपोर्ट के अनुसार पांच लाख महिलाओं के नाम पात्र सूची से काट दिए गए है, जो को पूरी तरह से गलत है। महिला कांग्रेस ने सरकार से मांग की है कि लाड़ली बहना के नवीन रजिस्ट्रेशन के लिए विधिवत पोर्टल प्रारंभ किया जाए। जिससे अधिक से अधिक इसका लाभ ले सके। फरवरी माह से ही यह राशि बढ़ाकर पूर्व घोषणा अनुसार 3 हजार की जाए, योजना से काटे गए लगभग पांच लाख नामों को दोबारा योजना से जोड़ा जाए। जिससे अधिक से अधिक महिलाओं को शासन को योजना का लाभ मिल सके। भाजपा सरकार द्वारा जल्द महिलाओं के हित में कदम नहीं उठाए गए तो आगामी दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला, पूर्व विधायक सुनील मिश्रा, कांग्रेस पार्षद मोसूफ़ बिट्ट अहमद, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव दिव्यांशु मिश्रा, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहम्मद इसराइल, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शुभम मिश्रा, पूर्व महिला ग्रामीण अध्यक्ष माधुरी जैन ने भी भाजपा सरकार की कथनी और करनी में अंतर बताते हुए सरकार से तत्काल महिला कांग्रेस की मांग पर ठोस कदम उठाए जाने की बात कही। प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से कांग्रेस नेता राकेश जैन, कमल पांडेय, विवेक पांडेय, महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव रजनी वर्मा, एनएसयूआई प्रदेश सचिव अजय खटिक, पार्षद पैरवी बिट्टू अहमद, अर्चना विनीत जायसवाल, फाहिमा अफताब सहित काफी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।



# 50 लाख का गांजा जब्त, 6 आरोपी गिरफ्तार

**बड़वारा पुलिस ने जब्त किया 133 किलो गांजा**

**नवभारत, कटनी।** बड़वारा थाना अंतर्गत क्षेत्र से पुलिस ने दो पिकअप और एक स्कॉर्पियो वाहन से 133.93 किलो गांजा जब्त किया है। जब्त किए गांजे की कीमत करीब 50 लाख रूपए आंकी गई है। पुलिस ने गांजा तस्करी के आरोप में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 18 जनवरी को बड़वारा थाना क्षेत्र में भ्रमण के दौरान पुलिस को ग्राम मिडरा के जंगल में तीन संदिग्ध वाहन दिखाई दिए। जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी की और तीनों वाहनों को रोक लिया। वाहनों की तलाशी के दौरान उनके अंदर से गांजे से भरी बोरियां मिलीं। मौके से पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी छत्तीसगढ़ के सरगुजा निवासी प्रिंस केशनी (19 वर्ष), बिहारी के रोहतास निवासी धनजी कुमार सोनी (24 वर्ष), छत्तीसगढ़ के बलरामपुर निवासी संजय दास (23 वर्ष), कटनी जिले के बरही थाना क्षेत्र निवासी रेडम पारधी, छत्तीसगढ़ के सरगुजा निवासी राजन सोनी (28वर्ष) और राहुल सोनी (20 वर्ष) हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से 50 लाख रूपए कीमती लगभग 133 किलो गांजा जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाया जा रहा है कि गांजा कहां से लाया गया था।

**एक नजर में**

## गोदाम से 44 गैस सिलेंडर चोरी कर भागे बदमाश

**नवभारत, कटनी।** कुठला थाने की बिलहरी पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत स्थित गैस गोदाम से बेखौफ चोरों ने गैस से भरे 44 सिलेंडर चोरी कर लिए हैं। गोदाम संचालक ने चोरी की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। चोरों की तलाश की जा रही है। बिलहरी निवासी अनुज कुमार बर्मन ने पुलिस से शिकायत में बताया है कि 17 जनवरी की शाम 6 बजे से 18 जनवरी की सुबह साढ़े दस बजे के बीच गोदाम से गैस सिलेंडर चोरी किए गए हैं। चोरों ने गोदाम से 44 नग भरे हुए गैस सिलेंडर चोरी किए हैं। पुलिस के अनुसार चोरी गए इन सिलेंडरों की अनुमानित कीमत लगभग 93 हजार रुपए है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले इनती अधिक संख्या में सिलेंडरों को चोरी कर ले जाने के लिए किसी बड़े लोड वाहन का उपयोग किया होगा।

## 4 महीने तक थाने में हाजिरी देगा आदतन अपराध

**नवभारत, कटनी।** जिला दंडाधिकारी कलेक्टर आशीष तिवारी ने रंगनाथ नगर थाना अंतर्गत फारेस्टर वार्ड निवासी अमित उर्फ अक्का बर्मन पिता दुर्गा प्रसाद बर्मन के खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए आगामी 4 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 16 तारीख को पुलिस थाना रंगनाथ में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की है। प्रतिवेदन के अनुसार अमित बर्मन द्वारा अवैध रूप से देशी शराब का विक्रय किया जा रहा था। अमित बर्मन के खिलाफ अब तक 10 बार अवैध शराब का विक्रय करने का मामला दर्ज किया गया है। सभी अपराध प्रमाणित पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई है। लेकिन आदतन अपराधी के आचरण-व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। जिस पर कलेक्टर ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आदतन अपराधी केखिलाफ आदेश जारी किया गया है।

# चौड़ीकरण के लिए जेसीबी से तोड़े गए चिन्हित हिस्से

**जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक किया जा रहा है चौड़ीकरण**



**नवभारत, कटनी।** शहर के प्रमुख मार्गों में यातायात व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाए जाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा सोमवार को जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक मार्ग चौड़ीकरण की कार्रवाई दोबारा शुरू की गई। इस दौरान मार्ग निर्माण में बाधक बन रहीं शेष संरचनाओं को पूर्व चिन्हांकन अनुसार सुरक्षित रूप से हटाने की कार्रवाई राजस्व विभाग और नगर निगम अधिकारियों की संयुक्त मौजूदगी में की गई। संयुक्त दल द्वारा मार्ग के किनारे की शेष चिन्हित संरचनाओं और अन्य अवरोधों के दूर करने की कार्रवाई के तहत मेहुल अग्रवाल, ज्योत्सना पुरवार के भवनों के चिन्हित की गई अतिरिक्त संरचनाओं को निर्धारित माप अनुसार हटाकर मार्ग चौड़ीकरण की कार्रवाई की गई। कार्य के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और नागरिकों के आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए पहले से ही तीन दिवस के लिए मार्ग को डायवर्ट करने की सूचना जारी कर दी गई थी। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि मार्ग चौड़ीकरण पूरा होने से क्षेत्र में यातायात का दबाव कम होगा। स्थानीय नागरिकों सहित आम नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी और व्यवसाय भी सुदृढ़ होगा। नगर निगम द्वारा शहर के मार्ग से शेष बचे अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई मंगलवार सुबह साढ़े 10 बजे से शुरू की जाएगी। सोमवार को की गई कार्रवाई के दौरान राजस्व अमले सहित निगम के सहायक यंत्री सुनील सिंह और अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह दल बल के साथ मौजूद रहे। मार्ग के प्रभावित होने वाले 40 भू-स्वामियों को ही नगर निगम क्षतिपूर्ति राशि भी दी है।

# फील्ड का भ्रमण करें अधिकारी, अभियान की करें नियमित मॉनीटरिंग

**समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने की कार्यों की समीक्षा**



**नवभारत, कटनी।** सभी जिला स्तरीय अधिकारी, विकासखंड स्तरीय अधिकारी, एसडीएम, तहसीलदार संकल्प से समाधान अभियान के तहत आगामी एक माह तक फील्ड का भ्रमण करें, अभियान की नियमित मॉनिटरिंग करें। अभियान के अंतर्गत आवेदन प्राप्त कर आम नागरिकों को शासकीय योजनाओं, कार्यक्रमों का लाभ दिलाएं। कलेक्टर आशीष तिवारी ने ये निर्देश सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में दिए। इस दौरान जिला पंचायत की सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर भी मौजूद रहीं। कलेक्टर ने सीएमएचओ को संकल्प से समाधान अभियान के दौरान अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश दिए। इसके लिए सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया कि वे सीएचओ, ग्राम रोजगार सहायक के साथ बैठक कर आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए सुनियोजित रणनीति पर अमल करें। साथ ही सीएचओ के कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को समग्र ई-केवाईसी कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। सहकारिता विभाग को मत्स्य किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत अधिक से अधिक ऋण स्वीकृत कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ, पीएचई के कार्यपालन यंत्री को ग्राम पंचायतों की पानी की टंकी की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने खाद की उपलब्धता, धान उपार्जन, परिवहन, भंडारण की समीक्षा की, अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व अभिलेखों के डिजिटलाइजेशन कार्य के अंतर्गत किए जा रहे स्कैनिंग कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। फार्मर रजिस्ट्री, वनाधिकार पट्टाधारियों की फार्मर आईडी रजिस्ट्री की प्रगति की समीक्षा की गई। एनपीसीआई कैंपों के माध्यम से तहसीलदारों को पीएम किसान योजनांतर्गत आधार से बैंक लिंकिंग का कार्य पटवारियों के माध्यम से लक्ष्य अनुरूप पूरा कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने लंबित सीमांकन, बंटवारा प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने खनिज विभाग, स्वास्थ्य, कृषि, स्कूल शिक्षा, नगरीय निकाय, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, सहकारिता, सहित सभी विभागों की समीक्षा की गई।

# ग्रामीण अंचलों में टूर्नामेंटों के आयोजनों से निखरती हैं खेल प्रतिभाएं

**ग्राम पंचायत बिचुआ में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन**



**नवभारत, कटनी।** ग्राम पंचायत बिचुआ में प्रतिवर्ष की तरह इस साल भी स्वर्गीय पंडित रामाधार तिवारी स्टेडियम में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट 18 जनवरी से शुरू हो रहा है, जिसमें जिले भर से लगभग 16 टीमें उत्साह के साथ हिस्सा ले रही हैं। टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा भी पहुंचे। उन्होंने खिलाड़ियों का हौंसला अफजाई करते हुए कहा कि क्रिकेट के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं आगे बढ़कर कटनी का नाम पूरे प्रदेश में रोशन करें। खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में हर तरह का सहयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट न केवल खेल का उत्सव है, बल्कि युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देने और उन्हें मंच प्रदान करने का एक शानदार प्रयास भी है। आयोजकों ने इस बार खिलाड़ियों के लिए कई विशेष सुविधाएं तैयार की हैं, ताकि वे पूरे मन से खेल सकें और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दे सकें। मेरी तरफ से सभी खिलाड़ियों को शुभकामनएं। आयोजक समिति की ओर से दीपेंद्र मिश्रा ने बताया कि इस टूर्नामेंट में खिलाड़ियों की सुविधा का पूरा ख्याल रखा गया है। मैदान की व्यवस्था से लेकर पानी, चिकित्सा सहायता और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने कहा कि हमारा मकसद सिर्फ टूर्नामेंट कराना नहीं है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को खेल के माध्यम से आगे लाना और उन्हें प्रोत्साहित करना है। विजेता टीम को 51 हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। उपविजेता टीम को भी नगद इनाम और सम्मान दिया जाएगा। अच्छे प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी।

# यात्रियों को धूप और बारिश से बचाएंगे यात्री प्रतिक्षालय

**विधायक निधि से बनाए गए यात्री प्रतिक्षालय**




**नवभारत, उमरियापान।** जिले के बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायतों में बस स्टाप पर यात्रियों को धूप और बारिश से बचने के लिए विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने कछार गांव बड़ा, दशरमन, परसेल ,खाम्हा में विधायक निधि से यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कराया गया।

यात्रियों को अब धूप और बारिश के मौसम में राहत मिलेगी। यात्री प्रतीक्षालयों में सौर ऊर्जा आधारित लाइटें भी लगाई जा रही हैं, जिससे रात के समय यात्रियों को प्रकाश व्यवस्था होगी।

योगेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि पंचायत क्षेत्रों के हर तिराहे, चौराहे पर बस स्टॉपों में यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कार्य कराया गया है जिससे यात्रियों को प्रतीक्षा के दौरान आवश्यक आराम मिलेगा। ग्रामीणों ने बताया कि विधायक की इस पहल से कस्बों और गांवों के लोगों के लिए आवागमन करने वाले यात्रियों के लिए बेहद उपयोगी होगा। विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह द्वारा किए जा रहे कार्य की स्थानीय लोगों द्वारा सराहना की जा रही है।

# योग, ध्यान और सकारात्मक सोच से दूर होगा तनाव

**कॉलेज के छात्रों को बताए गए तनाव मुक्ति के उपाय**



**नवभारत, उमरियापान।** जिले के उमरियापान शासकीय कॉलेज में प्राचार्य डॉ आरती धुर्वे की अध्यक्षता और नोडल अधिकारी डॉ अभिलाषा चौरसिया द्वारा एनटीएर्फ कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खंड चिकित्सा अधिकारी बीके प्रसाद द्वारा छात्रों को मार्गदर्शन दिया गया।

मानसिक तनाव प्रबंधन के संबंध में व्याख्यान दिया गया। साथ ही उन्होंने मानसिक तनाव से मुक्ति के उपाए सुझाए। डॉ. अभिलाषा चौरसिया के द्वारा बताया गया की शैक्षणिक संस्थाओ में मानसिक स्वास्थ्य सम्बंधी समस्याओ, छात्रों में बढ़ते आत्महत्या के प्रकरण जैसे गंभीर मुद्दों पर विचार करने और उसके रोकथाम के प्रयास के लिए समिति गठन किया गया है। साथ ही बताया गया की आज के समय में छात्रों में तनाव एक सामान्य समस्या है, जिसे योग, ध्यान, सकारात्मक सोच, समय प्रबंधन आर स्वस्थ जीवनशैली, पारिवारिक सामाजिक जुड़ाव अपनाकर दूर किया जा सकता है।

# एएनएम के रूपए अपने खाते में भेजे, स्वीकार भी किया, लेकिन कार्रवाई नहीं

**स्वास्थ्य विभाग का मामला, कार्रवाई में उदासीनता**

**नवभारत, कटनी।** जिला स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार किए जाने का मामला सामने आया है। गड़बड़ी के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी मामले पर पर्दा डालने का प्रयास कर रहे हैं। सेवानिवृत्त एएनएम श्रीमती सावित्री देवी वर्मा के हक के 17 लाख 35 हजार 499 रुपए हड़पने के मामले में तत्कालीन प्रभारी लेखापाल ने लिखित में अपना कारनामा स्वीकार कर लिया है, बावजूद इसके विभाग इस मामले अपराध को छिपाने में लगा हुआ है। शिकायत में जिस कर्मचारी पर आरोप लगाए गए हैं वे बहोरीबंद में तत्कालीन लेखापाल के पद पर और वर्तमान में जिला अस्पताल सहायक ग्रेड तीन के पद पदस्थ राहुल मिश्रा ने 30 दिसंबर 2025 को विभाग के समक्ष अपना लिखित कथन दिया था। इस पत्र में उसने स्वीकार किया है कि सावित्री देवी वर्मा की सेवानिवृत्ति के बाद उनके सभी स्वत्वों की कुल 17 हजार 35 हजार 499 रुपए की राशि उसके द्वारा आहरित की गई थी। उसने स्वीकार किया कि यह राशि उसने अपने निजी बैंक खाते में जमा कर ली थी। उसने यह भी माना कि वह 14 लाख 15 हजार 38 रुपए अभी भी उसके पास हैं और इसे वापस करने के लिए अपनी पैतृक संपत्ति बेचकर पैसे लौटाने का वादा किया है। एक कर्मचारी लिखित में मान रहा है कि उसने 17 लाख रुपए से अधिक की राशि का गबन किया है, वहीं दूसरी ओर मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय द्वारा कलेक्टर को रिपोर्ट भेजी गई है उसमें स्वीकारोक्ति का कहीं उल्लेख नहीं है। सीएमएचओ कार्यालय ने कलेक्टर को भेजी रिपोर्ट में सिर्फ 8.61 लाख रुपए के पुराने भुगतान का उल्लेख किया, जबकि राहुल मिश्रा द्वारा स्वीकार की गई 17.35 लाख की बड़ी राशि पर मौन साधे लिया। विभाग ने कलेक्टर को लिखा कि राहुल मिश्रा की पदस्थापना यहां नहीं है और उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है, जबकि राहुल मिश्रा स्वयं विभाग को लिखित में गबन की बात बताया है। विभाग ने इस पूरे मामले को विलोपित करने की अनुशंसा कर दी है, ताकि भ्रष्टाचार की फाइल हमेशा के लिए दब जाए। कर्मचारी ने स्वंय लिखा है कि वह तय समय में रूपए नहीं लौटाता तो एएनएम कानूनी कार्रवाई करने के लिए लिए स्वतंत्र हैं।

**अभियान** | 16 फरवरी से क्लस्टर और जोन स्तर पर लगाए जाएंगे संकल्प से समाधान शिविर, हर पंचायत और वार्डों में बनी समिति

# जनकल्याण योजनाओं का लाभ पहुंचाने 407 ग्राम पंचायतों और 90 वार्डों में पहुंचेगी टीम



**नवभारत, कटनी।** संकल्प से समाधान अभियान के तहत जिले की 407 ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों के सभी 90 वार्डों में लोगों को शासन की 106 प्रकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों से लाभान्वित करने के लिए 15 फरवरी तक आवेदन लिए जाएंगे। जिले में 12 जनवरी से शुरू संकल्प से समाधान अभियान के तहत अब तक घर-घर जाकर या शिविर लगाकर करीब 3300 आवेदन प्राप्त हो गए हैं। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर प्रत्येक ग्राम पंचायत, नगरीय निकायों में वार्ड स्तरीय समिति बनाई गई है, जिसमें ग्राम, नगरीय वार्ड स्तर के अधिकारी, कर्मचारी जैसे पटवारी, पंचायत सचिव, वार्ड प्रभारी, रोजगार सहायक, आरएईओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, हेल्थ वर्कर शामिल रहेंगे। पंचायत, नगरीय वार्ड स्तर पर आवेदन, शिकायतों के एकत्रीकरण के लिए दल गठित किया गया है, जिसके लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति संबंधित अनुविभागीय अधिकारी द्वारा की गई है। दल शासन की विभिन्न योजनाओं, सेवाओं से संबंधित आवेदन, शिकायतों को घर-घर जाकर या शिविर लगाकर एकत्रित करेगा, टीम का नोडल अधिकारी अपने लॉगिन से सभी आवेदनों को पोर्टल पर दर्ज करेगा। पोर्टल पर दर्ज करने के उपरांत सभी आवेदन क्लस्टर, जोन लेवल अधिकारी के पास जमा किए जाएंगे, क्लस्टर, जोन लेवल अधिकारी आवेदनों को विभागवार संबंधित अधिकारियों को निराकरण के लिए प्रेषित करेंगे, निराकरण की स्थिति प्राप्त करेंगे। अभियान का द्वितीय चरण 16 फरवरी से प्रारंभ होकर 16 मार्च तक चलेगा। अभियान के द्वितीय चरण में ग्रामीण क्षेत्रों में क्लस्टर लेवल पर, नगरीय क्षेत्रों में नगर, जोन स्तर पर नोडल अधिकारी के रूप में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जोनल अधिकारी अथवा समकक्ष अधिकारी रहेंगे। इस चरण में प्रथम चरण में प्राप्त आवेदन, शेष आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए शिविर लगाए जाएंगे। क्लस्टर में पंचायतों की संख्या का निर्धारण कलेक्टर द्वारा जिले में स्थित पंचायतों की संख्या के अनुसार आवश्यकतानुसार 15 से 30 ग्राम पंचायतों का समूह बनाकर किया जाएगा। शहरी क्षेत्रों में छोटी नगरपालिका, नगर पंचायत स्तर पर एक शिविर, नगर निगम स्तर पर वार्डों की संख्या के अनुपात में क्लस्टर, जोन तैयार किए जाएंगे। क्लस्टर, जोन लेवल पर शिविर लगाने की समय-सारिणी जिले द्वारा तैयार की जाएगी। टीम द्वारा प्राप्त आवेदन, शिकायतों का निराकरण क्लस्टर, जोन लेवल पर आयोजित शिविर में संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा किया जाएगा।

# कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**नवभारत, कटनी।** रंगनाथ नगर थाना अंतर्गत मिशन चौक ओवर ब्रिज के बरगवां की ओर एक तेज रफ्तार कार ने एक बाइक को टक्कर मार दी। गंभीर हालत में बाइक सवार युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मिशन चौक ओवरब्रिज के बरगवां एंड के पास पुरानी बस्ती निवासी भानू पिता प्रदीप कुमार सोनी बाइक से जा रहा था, इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिसके कारण भानू सोनी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे जबलपुर मेडीकल कॉलेज रेफर किया गया। मेडीकल कॉलेज में इलाज के दौरान देर रात करीब दो बजे भानु सोनी की मौत हो गई। युवक की मौत के बाद पुलिस ने उसके शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी कार चालक के खिलाफ प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024